# पूर्वोत्तर रेलवे

"वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत
सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ/पूर्व के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा"
विषय पर कार्याध्ययन।

द्वारा

कार्य कुशलता संगठन

पूर्वोत्तर रेलवे

गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0 /23/2021–22

मिसिल संख्या –प्र/560/1/2021–22/23

*******

## <u>अधिशासकीय सार</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. क्रम संख्या | – | 23 |
| 2. कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0/23/2021–22/23 |
| 3. मिसिल संख्या | – | प्र/560/1/2021–22/23 |
| 4. विषय | – | "वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी.स.इ.(रेलपथ)/मऊ/पूर्व के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा" विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. विभाग | – | इंजीनिरिंग |
| 6. प्राधिकार | – | वउमप्र महोदय द्वारा अनुमोदित वर्ष 2021–22 कि कार्याध्ययन सूची के अनुसार। |
| 7. संदर्भित सीमायें:– | | (1) सी.से.इं.(रेलपथ)मऊ/पूर्व के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना।<br>(2) कार्यभार के अनरूप आवश्यकतानुसार कर्मचार संख्या का आंकलन करना।<br>(3) आवश्यकता से अधिक पाए गए पदों के अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना। |
| कर्मचारी की स्वीकृत संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया | – | 245 |
| संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या –II |
| अभ्यर्पण हेतु पदों की सख्या | – | 19 |
| वित्तीय बचत | – | रू0 150.75लाख प्रति वर्ष |
| वितरण तिथि | – | जुलाई/2021 |

*******

<u>अनुक्रमणिका</u>


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय–प्रथम** | 1–2 |
| | प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें। | |
| 5. | **अध्याय – द्वितीय** | 3–5 |
| | कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या । | |
| 6. | **अध्याय – तृतीय** | 6–8 |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तदनुसार संस्तुतियाँ। | |


*******

# (I)

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री वी0 के0 पंजियार, मण्डल रेल प्रबन्ध, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी, श्री राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), श्री अतुल त्रिपाठी, वरिष्ठ मण्डल इंजी/तृतीय, वाराणसी, के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री दीपक कुमार सहायक मंडल इंजीनियर/मऊ/पूर्व के प्रति भी आभार व्यक्त करता है जिन्होंने कार्याध्ययन में वॉछित सहयोग हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

कार्याध्ययन दल सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/ मऊ/पूर्वके प्रति आभार भी व्यक्त करता है, जिन्होने कार्याध्ययन से संबंधित वांछित सूचनायें एवं आंकड़े समयानुसार उपलब्ध कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

*******

# (II)

## संस्तुतियाँ

| क्रमांक | संस्तुतियाँ | मद सं0 |
| --- | --- | --- |
| 1. | यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0/रेल पथ/मऊ/पूर्व के अधीन ट्रैकमैन के 19 पद जो आवश्यकता/कार्यभार से अधिक पाये गये है, उन्हें अभ्यर्पित किया जाय। | 3.6.1 |

.

*******

# (III)

## <u>वित्तीय परिणाम</u>

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली अनुमानित वार्षिक बचत के आंकलन निम्नवत् हैंः–

| पदनाम | वे0मान | ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | औसत मूल्य प्रति माह (रू0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ट्रैक मैन | 5200–20200 | 1800 | 19 | 66119 | 1256261 | 15075132 |
| योग | | | **19** | | | **15075132** |

अतः रेल राजस्व की कुल आवर्ती वार्षिक बचत रू0 एक करोड़ पचास लाख पचहत्तर हजार एक सौ बत्तीस मात्र।

*******

## अध्याय– प्रथम

1.0 प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें :–

1.1 किसी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और विकास के लिए कारगर परिवहन आधार संरचना का मौजूद होना अति आवश्यक है। भारतवर्ष में रेलवे परिवहन का सबसे सुरक्षित, सस्ता एवं सुलभ साधन है। ट्रेंनों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन हेतु ट्रैक का रख–रखाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य है, परन्तु ट्रैकों के रख–रखाव में अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग को देखते हुए अनुरक्षण के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को औचित्यपूर्ण नही ठहराया जा सकता है। साथ ही साथ कार्य क्षेत्र के अधीकाधिक भाग में ठेकेदारी प्रथा के समावेश से कार्यभार बहुत हद तक अपेक्षाकृत कम हो गया है।

1.2 अतः उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य मे अनुमोदित कार्याध्ययन सूची के अनुसार वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर के निर्देश पर कार्य कुशलता संगठन द्वारा "वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अर्न्तगत सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ/पूर्व के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा" विषय पर कार्याध्ययन प्रारम्भ किया गया तथा कार्याध्ययन सम्पन्न करके अंतिम स्वरूप दिया गया है।

1.3 कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अर्न्तगत सम्पन्न किया गया हैः–

(i) सी.से.ई.(रेलपथ)/मऊ/पूर्वके अन्तगर्त वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना।

(ii) कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन।

(iii) आवश्यकता से अधिक पाये गये पदो के अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना।

*******

## 1.4 कार्याध्ययन विधि

1. सी0से0ई0(रेलपथ)/मऊ/पूर्व द्वारा कार्यभार का विस्तृत विवरण प्राप्त करना।

2. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) द्वारा दिये गये सभी आंकड़ों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करना।

3. संबंधित पर्यवेक्षकों से गहन विचार–विमर्श करना एवं उनके द्वारा दिये गये सूझाव पर विचार करना।

4. कार्यभार को देखते हुए व्यवहारिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना तथा अन्य सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यों हेतु भी कर्मचारियों की गणना करना।

*******

## अध्याय–द्वितीय

2.0 **संगठनात्मक ढॉचा एवं कर्मचारियों की स्वीकृत व वास्तविक संख्या :–**

वाराणसी मण्डल में पी0वे0 संगठन मुख्यतः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के प्रशासनिक कन्ट्रोल में कार्यरत है। सीसेइं/पीवे/मऊ/पूर्व मुख्य रूप से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (तृतीय) के कार्य क्षेत्र में आता है। अपने अधीन विभिन्न सहायक मण्डल इंजीनियर के माध्यम से पी0वे0 इकाइयों का प्रभावी ढंग से संचालन, नियंत्रण व मार्गदर्शन प्रदान करते है।

2.1 वाराणसी मण्डल के सी0से0इ0/पी0वे0/मऊ/पूर्व के कर्मचारियों की स्वी0 एवं वास्तविक संख्या निम्नवत् है। कार्याध्ययन के समय मण्डल कार्यालय में उपलब्ध 01.04.2021 का आन्तरिक बी.ओ0.एस.–।।। प्राप्त हुआ। जबकि बी0ओ0एस0–। एवं बी0ओ0एस0–।। वेटेड हो चुका है। कार्याध्ययन की परिधि में एस.एस.ई. /पीवे/मऊ/पूर्व को ही लिया गया है।

2.2 **सीनियर सेक्शन इंजी0 (रेलपथ)/ मऊ/पूर्व :– कोटिवार सारांश**

| क्रम0 सं0 | कोटि | पेस्केल/ग्रेडपे | स्वी. सं0 | वास्त सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्रैकमेन्टेनर ग्रेड I | 5200–20200 ग्रेड पे – 2800 | 22 | 22 |
| 2. | ट्रैकमेन्टेनर ग्रेड II | 5200–20200 ग्रेड पे – 2400 | 52 | 31 |
| 3. | ट्रैकमेन्टेनर ग्रेड III | 5200–20200 ग्रेड पे – 1900 | 59 | 51 |
| 4. | ट्रैकमेन्टेनर ग्रेड IV | 5200–20200 ग्रेड पे – 1800 | 97 | 68 |
| 5. | पी0वे0 खलासी | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1800 | 01 | – |
| 6. | मोटर ट्राली ड्राईवर –I | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 2800 | 01 | – |
| 7. | एम0सी0यम ब्लैकस्मिथ | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 4200 | 01 | 01 |
| 8. | ब्लैकस्मिथ ग्रेड I | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 2800 | 01 | – |
| 9. | ब्लैकस्मिथ ग्रेड II | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 2400 | 01 | – |
| 10. | हेल्पर खलासी ब्लैकस्मिथ | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1800 | 02 | – |
| 11. | हेल्पर खलासीकारपेंटर | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1800 | 01 | – |
| 12. | पेंटर ग्रेड – I | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 2800 | 01 | 01 |
| 13. | पेंटर ग्रेड – II | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 2400 | 01 | – |
| 14. | एम.सी.एम. वेल्डर | 9300 – 34800 ग्रेड पे – 4200 | 01 | 01 |
| 15. | वेल्डर –। | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 2800 | – | – |
| 16. | वेल्डर–।।। | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1900 | 01 | 01 |
| 17. | हेल्पर खलासी वेल्डर | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1800 | 03 | – |
| 18. | सफाई वाला | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1900 | – | 01 |
| 19. | चौकीदार | 5200 – 20200 ग्रेड पे – 1900 | – | 01 |
| | योग | | 245 | 178 |

2.2.1 सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/मऊ/पूर्व के अन्तर्गत मानव संचालित गेटों का विवरण :–

| क्र0 सं0 | गेटों की संख्या | श्रेणी | पाली की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | सी | 12 घंटा |
| 2. | 9 | बी2 | 12 घंटा |
| 3. | 9बी | सी | 12 घंटा |
| 4. | 15 | सी | 12 घंटा |
| 5. | 21 | सी | 12 घंटा |
| 6. | 22 | सी | 12 घंटा |
| 7. | 26 | सी | 12 घंटा |
| 8. | 28 | बी1 | 12 घंटा |
| 9. | 29 | सी | 12 घंटा |
| 10. | 32 | सी | 12 घंटा |
| 11. | 33 | बी | 08 घंटा |
| 12. | 34 | सी | 12 घंटा |

2.2.2 सी0से0ई0 (रेलपथ)/मऊ/पूर्वका कार्यक्षेत्र :–

सी0से0ई0 (रेलपथ) /मऊ/पूर्वके सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र का विवरण निम्नवत् है :–

(I) किमी 58/0 Ex IAA से 124/642 Ex ARJ

(II) किमी 49/467 RTP से IAA 49/631 किमी

ट्रैक अनुरक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण हेतु निम्न सेक्शनल सीसेइं/रेलपथ पदस्थापित किये गये हैं।

(1) सी0से0ई0 (रेलपथ) मऊ/पूर्व/सेक्शनल का कार्यक्षेत्रः–

किमी 58/0 से 88/0 तक (Ex IAA से भटनी)

(2) सी0से0ई0 (रेलपथ) सादात का कार्यक्षेत्र :–

किमी 88/0 से 124/6 तक (भटनी से औड़िहार)

(3) सी0से0ई0/रेलपथ/स्पेशल – भटनी से औड़िहार

2.3 पी0वे0 मेट के कार्य :–

1. गैंग के कार्यों का पर्यवेक्षण करना।
2. गैंग को संरक्षा नियमों से अवगत कराना।
3. टूल्स/औजारों का रख–रखाव करना।
4. ट्रैक का साप्ताहिक निरिक्षण करना।
5. गैंग के द्वारा सम्पादित कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराना।

2.4 <u>की मैन के कार्य</u> :—

1. ट्रैक का प्रतिदिन दो बार पेट्रोलिंग करना।
2. पेण्ड्राल एवं टंग रेल का ग्रीसिंग करना।
3. क्रासिंग नोज का ग्रीसिंग करना।
4. लूज फिटिंग को टाइट करना।
5. जंगल सफाई करना।

2.5 <u>ट्रैकमैन के कार्य</u> :—

1. ट्रैक की खोलाई (oH) कार्य।
2. ट्रैक की पैकिंग।
3. ट्रैक की हंच क्लीनिंग।
4. ट्रैक में लगे फिश प्लेट/फिश बोल्ट की आयलिंग, ग्रीसिंग कार्य।
5. समपारों का रख रखाव।

2.6 <u>गैंग का कार्यकाल</u> :—सीसेइं/पीवे/मऊ/पूर्वके अन्तर्गत कार्यरत गैंग बीटों का कार्यकाल समान्यतः निम्नवत् है :—

1. <u>ग्रीष्म काल</u>—(1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक)
   06.30 से 11.30 बजे तक
   15.00 से 18.00 बजे तक

2. <u>शीत काल</u>—(1 अक्टूबर से 31 मार्च तक)
   07.30 से 12.30 बजे तक
   14.00 से 17.00 बजे तक

2.7 सीसेइं/पीवे/मऊ/पूर्व का कुल ETKM 111.816 है।

2.8 सीसेइं/पीवे/मऊ/पूर्व के अधीन सम्पादित हो रहे गैंग का विवरण।

| क्र0सं0 | बीट गैंग सं0 | गैंग बीट की कवरेज एरिया |
|---|---|---|
| 1. | 8 BA | किमी 58/0 — 66/0 किमी |
| 2. | 9 BA | किमी 66/0 — 72/0 किमी |
| 3. | 10 BA | किमी 72/0 — 80/0 किमी |
| 4. | 11 BA | किमी 80/0 — 88/0 किमी |
| 5. | 12 BA | किमी 88/0 — 95/0 किमी |
| 6. | 13 BA | किमी 95/0 — 103/0 किमी |
| 7. | 14 BA | किमी 103/0 — 112/0 किमी |
| 8. | 15 BA | किमी 112/0 — 119/0 किमी |
| 9. | 16 BA | किमी 119/0 — 124/642 किमी |

*******

## अध्याय – तृतीय

### 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ :–

3.1 विषयक कार्याध्ययन रेल की संरक्षा से संबंधित है। इस कार्याध्ययन में कार्य करने की विपरित एवं दुरूह परिस्थितियों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य अवसरों पर पेट्रौलिंग इत्यादि में लगने वाले मैन आवर्स, विभिन्न क्षेत्रीय रेलों पर ट्रैक मेन्टिनेन्स पर उपभोग होने वाले मैन पावर की बेंचमर्किंग, पर्यवेक्षकों एवं काम करने वाले कर्मचारियों से विचार–विमर्श इत्यादि को कर्मचारी संख्या के आंकलन में प्रमुख आधार रखा गाय है।

3.1.1 विषयक कार्याध्ययन में वाराणसी मण्डल के मऊ/पूर्वपी0वे0 इकाई को सम्मिलित किया गया है जो वाराणसी मंडल के व्यस्ततम ट्रैक स्ट्रैकचर में आता है। जहाँ से पूर्वोत्तर रेलवे की अधिकतम गाड़िया पास होती है व मेन लाईन होने के कारण ट्रैक की संरक्षा में विशेष एवं प्रभावी ध्यान देना पड़ता है।

### 3.2. सीसेइं/पीवे/मऊ/पूर्व हेतु आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन :–

### 3.2.1 मेट के पदों का आंकलन :–

सी0से0ई0/रेलपथ/मऊ/पूर्व के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्रों को 09 गैंगबीट में बॉटा गया है। प्रत्येक गैंगबीट में 01 मेट की आवश्यकता की दर से कुल 09 मेट प्रस्तावित किये जाते है।

### 3.2.2 की मैन के पदों का आंकलन :–

एक गैगबीट हेतु 02 की मैन की आवश्यकता होती है। इस प्रकार 09 गैंग बीट हेतु कुल 18 की मैन प्रस्तावित किये जाते है।

### 3.2.3 ट्रैकमैन के पदों का आंकलन :–

11 ट्रैकमैन प्रति गैंग बीट की दर से प्रस्तावित किए जाते है। इस प्रकार 09 गैंग बीट हेतु कुल 09×11=99 ट्रैक मैन प्रस्तावित किये जाते है।

3.2.4 **ट्रालीमैन के पदों का आंकलन :–**

सी0से0ई0/रेलपथ/मऊ/पूर्व के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में 03 सीसेइं को ट्राली सुविधा प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त ADEN/MAU के ट्राली मैन का भी स्वीकृति इसी इकाई के होने के कारण यही से ही ट्राली मैन की व्यवस्था होती है। इस प्रकार कुल 04 ट्राली इस इकाई पर हो गई हैं। जो क्रमशः 02 सेक्शनलसीसेइं/मऊ/पूर्व एवं 01 सीसेइं इन्चार्ज के पास है। परन्तु मात्र 03 ट्राली की व्यवस्था के अनुसार प्रति ट्राली 04 ट्रालीमैन के हिसाब से कुल 12 ट्रालीमैन की आवश्यकता उचित होगी। समइं महोदय के मूवमेंट के समय सीसेइं/पीवे/मऊ/पूर्व के ट्राली का उपयोग सही होगा।

3.2.5 **गेट मैन के पदों का आंकलन :–**

सी0से0ई0 रेलपथ मऊ/पूर्व के अधीन कुल 12 गेट हैं जिनमें से 11 सी श्रेणी गेट एवं 01 बी क्लास गेट है। विदित है कि 11 सी श्रेणी गेटों पर गेटमैन की ड्यूटी रोस्टर 12 घंटे संचालित हो रहा है। जबकि 01 बी क्लास गेट पर ड्यूटी का रोस्टर 08 घंटे का संचालित हो रहा है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 सी श्रेणी गेट हेतु गेटमैनों की आवश्यकता | = | 11×2 | = | 22 |
| 01 बी क्लास गेट हेतु गेटमैन की आवश्यकता | = | 1×3 | = | 03 |
| विश्रामदाता | | | = | 04 |
| कुलयोग | | | = | 29 |
| अवकाशदाता गेट मैन | | | = | 03 |
| महायोग | | | = | 32 |

अतः यहॉ पर अवकाशदाता एवं विश्रामदाता सहित कुल 32 गेट मैन कार्य हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता होगी।

3.2.6 **आर्टीजन एवं हेल्पर खलासी कैटेगरी के पदों का आंकलन :–**

सीसेइं/रेलपथ/मऊ/पूर्व के अधीन विभिन्न आर्टीजन संवर्ग के कार्यों हेतु उनके कार्यभार एवं आवश्यकता को देखते हुए निम्नलिखित कर्मचारी संख्या प्रस्तावित की जीती है :–

| क्र0 सं0 | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | कारपेन्टर | 01 |
| 2. | वेल्डर | 02 |
| 3. | पेन्टर | 01 |
| 4. | लेहार | 03 |
| 5. | हेल्पर खलासी | 06 |
| 6. | मोटर ट्राली ड्राइवर | 01 |
| | **योग** | **14** |

3.2.7 **चौकीदार के पदों का आंकलन :—**
सी0से0ई0 / रेलपथ / मऊ / पूर्वके कार्यालय, स्टोर, वर्कशाप इत्यादि के चौकीदारी कार्यों हेतु विश्रामादाता सहित चौकीदार के 05 पद प्रस्तावित किये जाते है।

3.2.8 **विविध कार्यो हेतु पदोका आंकलन :—**

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | विविध प्रकार की पेट्रोलिंग कार्य जैसे फॉग सिगनल, मानसून पेट्रोलिंग एवं संरक्षा पेट्रोलिंग संबंधी कार्यों हेतु। | 07 |
| 2 | स्पशल वर्क, तथा सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्यों के संबंध मे। | |
| 3 | कार्यालय के कार्य में सहयोग, अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आवश्यक कार्य विवरणी तैयार करना एवं टीएमएस फीडिंग तथा अन्य विविध एवं अलेखांकित कार्यों के संबंध में। | 02 |
| 4 | USFD, OMS/TRC Recording कार्य हेतु | 03 |
| | योग | 12 |

3.2.9 **सीसेइं / रेलपथ / मऊ / पूर्व हेतु आंकलित / प्रस्तावित पदों की समरी :—**

| क्र0सं0 | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मेट | 09 |
| 2. | की मैन | 18 |
| 3. | ट्रैकमैन | 99 |
| 4. | ट्रालीमैन | 12 |
| 5. | गेटमैन(LRसहित) | 32 |
| 6. | आर्टीजन एवं खलासी | 13 |
| 7. | चौकीदार | 05 |
| 8. | विविध कार्यों हेतु ट्रैकमैन | 12 |
| 9. | मोटर ट्राली ड्राइवर | 01 |
| | योग | 201 |
| | आवकाषदाता@ 12.5% | 25 |
| | कुल योग | 226 |

3.5 **स्वीकृत एवं प्रस्तावित पदों की समरी :—**

| पीवे यूनिट | स्वीकृत संख्या | प्रस्तावित संख्या | सरप्लस |
|---|---|---|---|
| मऊ / पूर्व | 245 | 226 | 19 |
| योग | 245 | 226 | 19 |

3.6 संस्तुतियॉ :—

3.6.1 यह संस्तुति की जाती है सी0से0ई0 / रेलपथ / मऊ / पूर्व के अधीन ट्रैकमैन के 19 पद जो आवश्यकता / कार्यभार से अधिक पाये गये है, उन्हें अभ्यर्पित किया जाय।

*******